राजस्थान सरकार

निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्थान, जयपुर

कमांकः-नर्सिंग/एनआरएचएम/09/271 दिनांकः- 1.7.09

समस्त अधीक्षक, संलग्न चिकित्सालय समूह, राज0
समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राज0
समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राज0

विषयः- एनआरएचएम योजना के अन्तर्गत जीएनएम के संबंध में सूचना भिजवाने बाबत ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि एनआरएचएम योजना के प्रथम चरण के 2500 पद द्वितीय चरण के 3704 पद तथा निदेशक आरसीएच से तात्कालिक आवश्यकता के तौर पर फरवरी 2009 में प्राप्त 787 जीएनएम के पदों को सम्मिलित करते हुए, माननीय उच्च न्यायालय राज0 जयपुर द्वारा एस0बी0 सिविल रिट पीटीशन संख्या 741/08 में दिनांक 8.5.08 को पारित निर्णय की पालना में 6635 अभ्यर्थियों की राज्य स्तरीय चयन सूची दिनांक 28.2.09 को जारी की गई थी । इस सूची के, पूर्व से ही जिलों में कार्यरत अभ्यर्थियों को उसी स्थान पर बनाए रखते हुए, नवचयनित अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत अनुबंध हेतु आपके अधीन आवंटित किया गया था । नव चयनित जीएनएम के उपस्थिति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12.6.09 नियत थी ।

अतः आपके अधीन जीएनएम के उपरोक्तानुसार स्वीकृत पदों के विरूद्ध कितने जीएनएम दिनांक 30.6.09 की स्थिति में कार्यरत है एवं अब कितने पद रिक्त है, की सूचना निम्न प्रपत्र में आज ही दूरभाष नं0 0141-2222683 पर फैक्स/ई-मेल से मिजवायें ।

संस्था का नाम :-

क0सं0	कुल स्वीकृत जीएनएम के पद	कार्यरत जीएनएम की संख्या	जीएनएम के रिक्त पदों की संख्या	विशेष विवरण

साथ ही, उपरोक्तानुसार कार्यरत में से दिनांक 28.2.09 की राज्य स्तरीय चयन सूची में स्थान बनाने में असफल रहे, किन्तु माननीय न्यायालय से स्थगन प्राप्त कर कार्यरत अथवा अपने वर्ग की कट आफ से ऊपर प्राप्तांक होने के कारण कार्यरत अभ्यर्थियों की सूचना भी भिजवाये ।

अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं
राज0 जयपुर